हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 20 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

4 फेल हुए विद्यार्थियों के उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की मांग, छात्र संघ ने किया प्रदर्शन





## खबर संक्षेप


### प्रभारी मंत्री रामविचार का आगमन आज

**रायगढ़।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम 20 जुलाई को एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास पर जाएंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री नेताम प्रातः 10 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे रायगढ़ सर्किट हाऊस आयेंगे। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे से पार्टी कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री नेताम शाम 5 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक लेंगे। प्रभारी मंत्री नेताम शाम 7 बजे कलेक्टोरेट से सर्किट हाऊस के लिए प्रस्थान करेंगे एवं शाम 7.30 बजे रायगढ़ से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### दिव्यजीवन संघ में गुरुपूर्णिमा पर होंगे विविध आयोजन

**रायगढ़।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जुलाई रविवार को गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर स्थानीय निरंजन डाइंग हाऊस के प्रथम तल पर स्थित नगर की प्रख्यात आध्यात्मिक संस्था दिव्यजीवन संघ के बैनर तले प्रातः10 बजे से सत्संग समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। संस्था के अध्यक्ष प्रो. क्रांतिकुमार तिवारी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सर्व प्रथम गुरुदेव स्वामी शिवानंद महाराज के चरणपादुका की पूजा अर्चना व आरती होगी तत्पश्चात विद्वानों द्वारा गुरू महिमा पर प्रवचन एवं सत्संग भजन संगीत आदि कार्यक्रम होंगे। प्रसाद वितरण के साथ समापन किया जाएगा। समस्त श्रद्धालु भक्तगणों से आग्रह है कि गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम मे शामिल होकर पुण्य के भागी बने।



### पडिगांव की राशन दुकान का संचालन कर रही सहकारी समिति



**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के पंचायतों में जहां शासकीय राशन दुकान वहां के महिला समुह अथवा पंचायत प्रबंधन संचालन कर रहे हैं वहीं पडिगाव में यहां के सेवा सहकारी समिति द्वारा इसे संचालन किया जा रहा है। यह स्थिति केवल पडिगांव में ही है जो समझ से परे है। बताया जाता है कि कुछ साल पहले यहां के राशन दुकान को लेकर काफी विवाद हुआ था जिसका निपटारा करने के बाद पंचायत वासियों ने किसी महिला समुह अथवा पंचायत को देने के बजाय सेवा सहकारी समिति को देने के लिये मुहर लगाई वहीं समिति के प्रबंधक टिकेश्वर मेहर सहित तात्कालिन संचालक मंडल भी जनभावनाओं का आदर करते हुए इसे स्वीकार किया और तब से लेकर अब तक लगातार यह राषन दुकान संचालित है। यहां के जनप्रतिनिधि सहित आम उपभोक्ता के मुताबिक किसी भी माह का राशन वितरण में लेट लतीफी अथवा लेप्स होने का खबर अब तक सामने नहीं आया है।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में बैठक 23 को

**रायगढ़।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त मनाए जाने के संबंध में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में 23 जुलाई मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय.सीमा बैठक के बाद आयोजित की गई है।

### कलाकार चयन समिति की बैठक 22 को

**रायगढ़।** 39 वें चक्रधर समारोह वर्ष 2024 के आयोजन हेतु कलाकार चयन समिति की बैठक 22 जुलाई को शाम 4.30 बजे से कलेक्टोरेट रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

---

## 2 हजार 200 लीटर पेंट का निर्माण, अब नहीं हो रहा उपयोग

# जिले में 376 गोठान, सिर्फ एक में बना गोबर पेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूर्व की कांग्रेस सरकार ने गोबर से पैंट बनाने की योजना बनाई थी। गोबर से बने पेंट से गिने चुने शासकीय कार्यालयों में भी पोताई कराई गई थी। इस गोपेंट के निर्माण से स्व सहायता समूह को भी आमदनी होती थी। किंतु यह योजना सही ढंग से शुरू होने से पहले ही ठंडे बस्ते में चली गई। जिले में एक सिर्फ एक ही गोठान में पेंट बना, लेकिन यह पूरी तरह से उपयोग ही नहीं हो पाया।

गौरतलब है कि पूर्व कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने गोठानों में गोबर से पेंट बनाने की योजना बनाई थी। जो प्रदेश भर में बड़े जोरशोर से शुरू हुई थी। लगभग सभी जिलो में इस योजना पर काम किया गया। स्व सहायता समूह को एक्टिव करते हुए गोबर से पेंट का निर्माण किया गया। इस योजना के तहत जिले के शासकीय कार्यालयों में गोबर पेंट से पोताई करनी थी। जिले में भी गोबर पेंट का निर्माण स्व सहायता समूह की महिलाओं ने किया था और पीडब्लयू तथा आरईएस आदि संबंधित विभागों को इसे विक्रय कर दिया गया था। ताकि वे शासकीय दफ्तरों में इससे पुताई कर सके। अहम बात यह है कि शुरूआती दौर में इस योजना ने काफी तेजी देखने को मिली थी, किंतु शुरू में जितनी तेजी देखने को मिली, अब उसी तरह से यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। इस योजना के तहत ही जिले में तत्कालीन कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने लैलूंगा विकासखंड के बुढ़ीकटेल गांव के प्राथमिक शाला में पहुंच कर शाला भवन की पुताई कर इस योजना की शुरूआत की थी।



कलेक्टोरेट में गोबर पेंट की शुरुआत करते तत्कालीन कलेक्टर टीपी सिन्हा।

### किसी भी गोठान में प्रोडक्शन नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिले में 376 गोठान है, जिसमें से केवल एक पुसौर विकासखंड के ग्राम सुपा स्थित गोठान में गोबर से पैंट का निर्माण किया गया। यहां करीब 2 हजार 200 लीटर गोबर पैंट का निर्माण किया गया था, जो पीडब्ल्यूडी और आरईएस को विक्रय कर दिया गया था। किंतु वर्तमान में जिले के किसी भी गोठान में गोबर पेंट का निर्माण नहीं हो रहा है।

### एक ही बार हुआ उपयोग

जानकारी के अनुसार गोबर पेंट का उपयोग एक ही बार किया गया, इसके बाद विधानसभा चुनाव का समय आ गया और सरकार बदलने के बाद यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई है।

### आमदनी पर भी पड़ा असर

गोधन न्याय योजना के तहत गोबर पेंट बनाकर स्व सहायता समूह की महिलाओं को भी अच्छी खासी आमदनी होती थी। किंतु अब इसके प्रोडक्शन नहीं होने की वजह से उनकी आमदनी पर भी असर हुआ है।

---

# नई शिक्षा निति के तहत कालेज में प्रवेश के दौरान हुड़दंग की स्थिति, प्रक्रिया बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के डिग्री कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया में फिर से बवाल हो गया है। दो लिस्ट जारी करने के बाद खाली रह गई सीटों पर नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश दिया जा रहा था। शासन ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर का 25 जुलाई तक प्रवेश पूरा करने के लिए कहा कि लिस्ट वाली प्रक्रिया बंद कर वर्गवार प्रवेश दें। एसटी, एससी और ओबीसी में तो वर्गवार प्रवेश हो गए। लेकिन अनारक्षित वर्ग की सीटों में भी आरक्षित वर्ग के छात्र हक जताने लगे। शोरगुल होने लगा तो जनरल वर्ग में प्रवेश रोक दिया गया।



■ दो लिस्ट जारी फिर भी ढ़ेरों सीटें खाली, 50 फीसदी भी दाखिला नहीं

इस बार कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। सभी संस्थानों को कहा गया है कि वे स्नातक प्रथम सेमेस्टर का 25 जुलाई तक एडमिशन पूरा कर लें और एक अगस्त को इंडक्शन के लिए तैयारी करें। अब तक चार लिस्ट जारी की जाती थी जिसमें दो महीने तक प्रक्रिया चलती थी। समय कम होने के कारण शासन ने कहा कि दो लिस्ट जारी करने के बाद बची हुई सीटों पर वर्गवार मुक्त प्रवेश दिया जाए। डिग्री कॉलेज में 18 जुलाई से 22 जुलाई तक यह प्रक्रिया पूरी करने की सूचना जारी की थी। छात्र.छात्राओं को कहा गया था कि जो जिस वर्ग का हैए उसे उसी वर्ग में प्रवेश दिया जाएगा। रिक्त सीटों से अधिक आवेदन होने पर मेरिट देखा जाएगाए अन्यथा सीधे प्रवेश मिलेगा। 18 जुलाई को स्नातक प्रथम सेमेस्टर के रिक्त सीटों के हिसाब से वर्गवार एडमिशन देना प्रारंभ किया गया। आदिवासी वर्ग के आवेदकों को उसी वर्ग मेंए अजा वर्ग को उस वर्ग की रिक्त सीटों पर और ओबीसी वर्ग को उसी के रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाने लगा। जब अनारक्षित सामान्य वर्ग के सीटों की बारी आई तो कई छात्र विरोध करने लगे।

### सीटें खाली, एडमिशन केवल 19

दो लिस्ट जारी होने के बावजूद छात्र-छात्राओं ने प्रवेश नहीं लिया। वर्गवार सीटें खाली थी इसलिए शासन ने सीधे एडमिशन देने का आदेश दिया था। इसमें भी सीटें नहीं भरतीं। गुरुवार को आरक्षित वर्ग के केवल 19 आवेदकों का ही एडमिशन किया गया। अनारक्षित वर्ग में किसी को प्रवेश नहीं दिया गया। कई छात्र.छात्राओं को मायूस होकर लौटना पड़ा।

---

## अधिवक्ता से मारपीट के आरोपी को नहीं मिला वकील, जमानत अर्जी खारिज

**रायगढ़।** परिवार न्यायालय में न्याय मित्र के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोपी एसडीएम कोर्ट के क्लर्क गोविंद प्रधान की जमानत याचिका को जिला न्यायालय ने आज खारिज कर दिया। अब गोविंद प्रधान को कुछ दिन और जेल में बिताने होंगे।



गोविंद प्रधान पर दो शादियाँ करने का आरोप है, जिसमें उनकी पहली पत्नी ने भरण पोषण के लिए जिला परिवार न्यायालय में अपील की थी। इस मामले में रायगढ़ कोर्ट ने अधिवक्ता आशीष मिश्रा को न्याय मित्र नियुक्त किया था। सुनवाई के दौरान गोविंद प्रधान ने न्याय मित्र के साथ अभद्र व्यवहार और वाद विवाद किया, जिसे कोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए चक्रधर नगर थाने में अपराध दर्ज करने का आदेश दिया। रायगढ़ जिला न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य के कोर्ट में गोविंद प्रधान की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। रायगढ़ जिला अधिवक्ता संघ ने गोविंद प्रधान की जमानत याचिका का विरोध किया और कोई भी वकील उनके पक्ष में उपस्थित नहीं हुआ। जिला अधिवक्ता संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया था कि कोई भी अधिवक्ता आरोपी की पैरवी नहीं करेगा। बिलासपुर की एक महिला अधिवक्ता ने ऑनलाइन माध्यम से गोविंद प्रधान की तरफ से तर्क वितर्क किया। सुनवाई के दौरान जिला अधिवक्ता संघ ने गोविंद प्रधान के अन्य अपराधिक कृत्यों को भी न्यायालय के संज्ञान में लाया। गोविंद प्रधान पर पहली पत्नी के आधार और अन्य प्रमाण पत्रों का दुरुपयोग कर आर्थिक और मानसिक धोखाधड़ी के आरोप हैं। इसके अलावाए उनकी दूसरी पत्नी ने भी गोविंद प्रधान पर धोखाधड़ी और दुष्कर्म का आरोप लगाया है।

---

## कीचड़ व उबड़-खाबड़ सतह पर लग रहा बाजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर के साप्ताहिक बाजार मे दुकानदारों के लिए बने शेड पर्याप्त नहीं होने से पसरा बोझा सहित बडे दुकान जमीन में बैठकर अपनी लेन देन करते हैं वहीं बाजार के कई जगहों में जहां कीचड़ हैं वहीं कई क्षेत्रों में पुराना बरसाती पानी भी भरा हुआ है ऐसे स्थिति में डेंगु, मलेरिया सहित अन्य रूग्ण मच्छर पनपने की प्रबल संभावना हो जाती है जिसे बाजार के दुकानदार और ग्राहक अनदेखा करते रहे हैं और बदस्तुर लेन देन जारी रहता है।

ज्ञात हो कि इन दिनों मौसमी बिमारी का प्रकोप चल रहा है ऐसे स्थिति में बाजार में लंबे समय तक बैठे दुकानदार और ग्राहक भी इन मच्छरों के चपेट में आकर रोग ग्रस्त हो सकते हैं जिसके बचाव के लिये स्थानीय प्रशासन को आगे आने की जरूरत है जिसमें कि भरे हुये पानी की निकासी हो और कीचड में मिट्टी पाटकर समतल किया जाए। बाजार के तालाब साइड में कई दुकाने निर्मित हुये हैं जिसके मल्मा बजार के कुछ एरिया में फैला है और कुछ गड्डों में पानी भारी होने से लेन देन करने वालों को परेशानी में देखा गया जिसे पुसौर के सोशल मिडिया में भी साझा किया गया था। उक्ताशय को लेकर नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत ने कहा कि बाजार में दुकान निर्माण का कार्य जारी है फैले हुए मल्मा गढ्ढो को पाटने के काम आयेंगे और जहां पानी भरा हुआ है उसके निकासी के लिये व्यवस्था की जायेगी।

---

## संस्कृति देव प्रबोधिनी एकादशी तक मनाए जाएंगे विविध पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

देवशयनी एकादशी से देव शयन पर चले गए। मांगलिक आयोजनों की धूम थम गई तो दूसरी ओर सावन के साथ त्यौहारों की बयार शुरू हो जाएगी। देव प्रबोधिनी एकादशी तक शहर त्योहारों की खुशियों से सराबोर रहेगा। सुख समृद्धि गुरु, शिव गौरी, देवी दुर्गा, गणपति को पूजा जाएगा तो दिवाली और दशहरा समेत अन्य प्रमुख त्योहारों के बीच शहरवासी खुशियों से सराबोर रहेंगे।

■ अब त्यौहारों की बयार, उत्साह उमंगों का करेंगे संचार

ज्योतिर्विदों के अनुसार भारत त्योहारों का देश है। प्रत्येक त्योहार का अपना अलग आनंद होता है। त्योहार सामाजिक समरसता के साथ ईश्वर से जुडऩे का एक माध्यम भी हैं। हिन्दू धर्म के विभिन्न प्रमुख पर्व इस दौरान आएंगे। रोजमर्रा के जीवन में उत्साह का संचार करने के लिए पर्व जरूरी हैं। यों तो वर्ष पर्यंत त्योहार आते ही रहते हैं, लेकिन इन चार महीनों में दीपावली दशहरा जैसे प्रमुख त्योहारों से विशेष उत्साह रहता है। व्यापार की दृष्टि से भी त्योहारों का विशेष महत्व है।

### त्यौहार एक नजर में

21 जुलाई गुरु पूर्णिमा
22 जुलाई से श्रावण मास प्रारंभ होगा
4 अगस्त को हरियाली अमावस्या
7 अगस्त को हरियाली तीज
19 अगस्त रक्षाबंधन
26 अगस्त कृष्ण जन्माष्टमी
7 सितंबर गणेश चतुर्थी
17 सितंबर अनंत चतुर्दशी
3 अक्टूबर शारदीय नवरात्र
12 अक्टूबर विजयदशमी
16 अक्टूबर शरद पूर्णिमा
29 अक्टूबर धनतेरस
1 नवंबर दीपावली
12 नवंबर देवउठनी एकादशी
15 नवबर कार्तिक पूर्णिमा

---

## राज्य स्तरीय शिक्षक संघ ने लोकसभा सांसद राधेश्याम को सौंपा ज्ञापन

**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शिक्षक संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन पूर्व 25000 से अधिक स्थानांतरित व पदोन्नति से वंचित व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक एलबी संवर्ग के शिक्षकों की समस्या लेकर रायगढ़ सांसद राधे श्याम राठिया को उनके गृह ग्राम जाकर पत्र के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है जिसमे प्रमुख मांगो में स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन पूर्व पश्चात स्थानांतरित व्याख्याता, शिक्षक व सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता निर्धारण सामान्य प्रशासन विभाग 1961 के नियम 12 में प्रतिस्थापित शर्तों के अनुसार प्रथम नियुक्ति तिथि वर्ष से किया जाए।

उक्त नियम का पालन न होने से स्कूल शिक्षा विभाग में एक नई विसंगति आ गई है जो पूर्णतः वित्तीय भार मुक्त है। दूसरा यह कि स्कूल शिक्षा विभाग में ऐसे व्याख्याता, शिक्षक एवं सहायक शिक्षक संवर्ग जो पदोन्नति से बंचित हैं। उन्हें प्रथम नियुक्ति तिथि से क्रमशः



प्रथम व द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए। तीसरा मांग यह कि 1998 से मप्र शासन में शिक्षाकर्मी पद पर नियुक्ति प्रारंभ हुई। मप्र में कार्यरत शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि के आधार पर वरिष्ठता और क्रमोन्नति दी जा रही है। उसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी दी जावे। रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर बात करने की बात कही गई है। साथ मे शिक्षकों को हर संभव मदद करने की बात कही गई है।

---

## नाबालिग के व्यपहरण का आरोपी गुजरात के बड़ोदरा से गिरफ्तार

**रायगढ़।** नाबालिक बालिका को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी युवक को कोतरारोड़ पुलिस द्वारा गुजरात के बड़ोदरा से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया है। आरोपी को पुलिस ने अपहरण एवं पॉक्सो एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



गुम बालिका के संबंध में 31 मार्च 2024 को बालिका के पिता द्वारा बालिका के गुम हो जाने के संबंध में थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराया गयाए रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान बालिका के बाल कल्याण समिति नासिक महाराष्ट्र में होने की जानकारी मिली, जहां से बालिका को रायगढ़ लाया गया। 08 अप्रैल 2024 को बालिका की दस्तयाबी की कार्यवाही कर कथन लिया गया जिसमें बालिका बताई कि उनके बस्ती में गार्ड का काम करने वाला युवक बबलू बंजारे किराया मकान लेकर रहता था जिससे बातचीत होती थी।

---

## राजस्व कार्यों की नियमित समीक्षा के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नक्शा.बटांकन के कार्यो में अपेक्षाकृत प्रगति कम हैं, सभी एसडीएम व तहसीलदार हल्कावार पटवारियों के कार्यों की समीक्षा करें।

उक्त बातें आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कही। इस दौरान एडीएम सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने अनुविभागवार नक्शा बटांकन के कार्यो की विस्तृत समीक्षा की।

■ कलेक्टर ने ली विभागीय बैठक

उन्होंने तहसीलदारों से कहा कि कार्य में आवश्यक प्रगति लाए, इसके लिए पटवारियों के कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए कार्य नहीं करने वाले पटवारियों पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने डायवर्सन,ए ई.कोर्ट, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र पटवारी की उपलब्धता और अभिलेख दुरूस्तीकरण, भू.राजस्व वसूली, भू.अर्जन प्रकरणों का मुआवजा भुगतान की स्थिति, आरबीसी 6.4, भू.अर्जन जैसे विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होने ई.कोर्ट निराकृत प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा वर्तमान में स्थिति बेहतर है, सभी इसका अवलोकन करते रहे। इसी प्रकार उन्होने आरबीसी 6.4 के प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए ताकि वारिसानों को सही समय पर आर्थिक सहायता राशि मिल सके। इसी प्रकार उन्होंने भू.अर्जन मुआवजा भुगतान की समीक्षा करते हुए कहा कि मुआवजा वितरण की कार्यवाही प्राथमिकता से किया जाएए इस कार्य में लेटलतीफी नहीं होनी चाहिए।

---

## किराएदारों के अलावा होटल, ढाबा, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर जांच

# सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस का संदिग्ध जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में बढ़ते अपराध और इन अपराधों में बाहरी लोगों की संलिप्तता लगातार सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर जिले में किराएदारों के सत्यापन व संदिग्धों की जांच का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

19 जुलाई के सुबह सभी थानाक्षेत्र अंतर्गत पुलिस बल के साथ अधिकारियों ने किरायेदार चेक किये। अधिकारियों ने मकान मालिकों से कहा गया कि वे मकान किराये पर देते समय पूर्ण सावधानी बरतें तथा किराएदार का पुलिस वेरिफिकेशन करवाएं। रायगढ़ में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम द्वारा कोतवाली पुलिस की टीम के साथ रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड पर मुसाफिरों की जांच की गई। जवानों ने मुसाफिरों के समानों की जांच





के साथ आने.जाने की जानकारी लीए उनके पहचान पत्र चेक किये गये। एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल ने खरसिया में जवानों के साथ संदिग्धों और किरायेदार जांच में शामिल रहे। विशेष अभियान दौरान सभी क्षेत्रों में होटल, रेस्टोरेंट, कैफे धर्मशाला, गेस्ट हाउस इत्यादि पर दिन भर चेकिग अभियान चला।

थाना प्रभारी ने अपने इलाके में होटल, ढाबे, सराय, धर्मशाला में चेकिग कर वहां ठहरे लोगों की जानकारी हासिल की और रजिस्टर चेक किये। संचालकों को उनके यहां आकर रूकें व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें कहा गया। विशेष अभियान में दिगर प्रांत के रहवासियों को उनके शहर में श्रम या व्यवसाय करने की समझाइश दी गई।

---

## हाईवे पर पलटा केले से भरा वाहन, यातायात प्रभावित

**रायगढ।** छातामुड़ा चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस वक्त जाम की स्थिति बन गई थी, जब केले से लदी एक माजदा अनियंत्रित हो कर पलट जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गया था। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से किसी तरह वाहन को हटवाया तब कहीं जाकर यातायात सुचारू रूप से शुरू हो सका। जूटमिल पुलिस द्वारा मामले को जांच में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार संगीतराई स्थित जय ट्रांसपोर्ट की माजदा वाहन क्रमांक सीजी 13 एएम 9272 का चालक व परिचालक वाहन में रायपुर से केला लोड कर झारसुगुड़ा के लिए निकला था। आज सुबह वह रायगढ़ के छातामुड़ा चौक से झारसुगुड़ा की ओर जा रहा था इसी दौरान चौक से कुछ दूरी पर ही माजदा अनियंत्रित होकर पलट गया। अचानक गाड़ी के पलटने पर चालक व परिचालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। इधर माजदा के पलटने और सडक़ पर केले के बिखरने से राष्ट्रीय राजमार्ग अवरूद्ध हो गया था। एनएच होने की वजह से इस मार्ग पर भारी वाहनों की काफी आवाजाही है लिहाजा वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। मामले की जानकारी जुटमिल थाने में होने पर पुलिस टीम मौके पर पंहुची और आस पास के लोगों की मदद से वाहन को हटवा कर आवागमन प्रारंभ करवाया गया।



## खबर संक्षेप



### सांस्कृतिक भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

**लखनपुर।** नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में 17 जुलाई को भवानी मंदिर और शिव मंदिर सांस्कृतिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम सहित वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय की ओर से किया गया। लोकार्पण और वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल शामिल हुए। लखनपुर नगर के वार्ड क्रमांक 3 भवानी मंदिर, क्रमांक 6 स्थित शिव मंदिर प्रांगण के सांस्कृतिक भवन में विधि विधान से पूजा अर्चना कर विधायक राजेश अग्रवाल ने फीता काटकर लोकार्पण किया। वहीं नगर के सामुदायिक भवन, शिव मंदि , देव तालाब, टटेंगा डबरी, ढांगा तालाब प्रांगण में पौधरोपण किया गया। विधायक राजेश अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे ने नगर वासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर पौधरोपण करने का आह्वान किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता, नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष रमेश जायसवाल, ओबीसी पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, पार्षद अमित बारी, विनेशराम खलखो, पवन भुइयां, मालती कश्यप, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी, सुरेंद्र साहू, सतनारायण तिवारी सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

### श्रम संगठनों का दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन आज तक

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर में श्रम संघों का दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन का कार्य आज शुक्रवार 19 व 20 जुलाई को संपन्न होगा।क्षेत्र में सक्रिय पांच यूनियनों में भारतीय मजदूर संघ, एचएमएस,एटक, इंटक,सीटू शामिल हैं।सभी यूनियन अपने पक्ष में अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने पूरा जोर लगाया हुआ है ,इसके लिए सभी डोर टू डोर संपर्क कर रहे हैं।इस वर्ष यूनियनों ने सदस्यता राशि में भी बढ़ोतरी की है। एचएमएस की सदस्यता शुल्क एक हजार रुपये भारतीय मजदूर संघ का छह सौ रुपए,एटक का छह सौ,इंटक का साढ़े छह सौ सदस्यता राशि निर्धारित है,उक्त चारों यूनियन चेक आफ सिस्टम से सदस्यता राशि प्राप्त करते हैं,जिसमें मजदूर जिस संगठन के पक्ष में सदस्यता राशि देने की सहमति प्रबंधन को देता है ,प्रबंधन उसके वेतन से राशि काटकर सम्बंधित यूनियन के खाते में जमा कराती है।जबकि सीटू यूनियन अपने सदस्यो से राशि नगद में प्राप्त करती है।गत वर्ष क्षेत्र में बीएमएस सर्वाधिक सदस्यो के साथ नंबर एक जबकि एटक नंबर दो एवं एचएमएस नंबर तीन पर रही थी। वर्तमान में क्षेत्र में ढाई हजार के करीब मैन पवार कार्यरत बताए गए हैं।

### खेल अकादमी रायपुर के लिए चयनित हुई कस्तूरबा की छात्राएं



**रजपुरीकला।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रजपुरी कला की चार छात्राएं अनीता प्रजापति, बबली राजवाड़े, प्रियांशी महंत एवं विनीता एक्का तथा अंबिकापुर कस्तूरबा की मरियम केरकेट्टा, अनुष्का टोप्पो एवं करिश्मा एक्का तीन छात्राओं का चयन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी रायपुर के लिए हुआ है। इन छात्राओं ने चयन प्रक्रिया के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल के दौरान बिलासपुर और रायपुर दोनों ही जगह ट्रायल में भाग लिया था। अंबिकापुर एवं लखनपुर की कुल सात छात्राएं रायपुर खेल अकादमी के लिए चयनित हुई। जो कस्तूरबा परिवार एवं सरगुजा के लिए गौरव की बात है। इस उपलब्धि पर रायपुर जाने से सभी छात्राएं कलेक्टर भोस्कर विलास संदीपान से मुलाकात की। कलेक्टर ने बच्चों की उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और भविष्य में भी अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। छात्राओं के 12वीं तक की पढ़ाई एवं खेल की सारी व्यवस्था खेल अकादमी द्वारा की जाएगी। इस दौरान रविशंकर तिवारी, राम कुमार सिंह, देवेंद्र सिन्हा, श्रीमती अनुराधा सिंह, श्रीमती गुलाब खेस उपस्थिति रही।

### आत्मानंद विद्यालय में मनाया गया हैंडवाश दिवस

**मानीचौक।** आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केतका में हैंड वाश डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्य जेआर शांडिल्य के निर्देश पर स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं को हैंड वॉश कराया गया। हैंड वॉश क्यों जरूरी है इसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि घर में रहो या बाहर में हाथ धोने के पूरा विधि आने चाहिए तभी स्वास्थ्य जीवन का परिकल्पना किया जा सकता है ।

### दो दिनों से गायब ग्रामीण का कुएं में मिला शव

**बिश्रामपुर।** दो दिन पूर्व रहस्यमय ढंग से गायब ग्रामीण का शव गुरुवार को उसी के बाड़ी स्थित कुएं से बरामद हुआ है। लटोरी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गजाधरपुर दरीपारा निवासी 47 वर्षीय ईश्वर चेरवा पिता पावर चेरवा मंगलवार की शाम शौच हेतु अपने घर से निकला था। बताया गया कि रात में भी वापस घर नहीं लौटने पर दूसरे दिन परिजन द्वारा तलाश शुरू की गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। गुरुवार की सुबह जब मृतक की मां अपने बाड़ी में सब्जी लेने गई तब कुएं में मृतक का शव पानी में तैरता देख तत्काल इसकी सूचना परिजन को दी। सूचना पर लटोरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया तथा मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले में पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## तीन वर्ष पूर्व पुलिया हुई क्षतिग्रस्त, बढ़ी परेशानी

# बरसात के मौसम में पहुंचविहीनता का दंश झेल रहा बतौली क्षेत्र का खीराआमा गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

आजादी के 77 साल बाद भी ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत गोविंदपुर के आश्रित ग्राम खिराआमा आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गांव के विकास के नाम पर सिर्फ एकल बत्ती बिजली कनेक्शन दिया गया है जबकि गांव में पेयजल, सड़क पुल पुलिया सहित कई समस्याओं से आज भी ग्रामीणों को जूझना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्या बरसात के मौसम में न सिर्फ काफी बढ़ जाती है बल्कि तीन साल पूर्व पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से आवागमन की सुविधा नहीं होने पर आसपास क्षेत्र से कट टापू बन जाता है। ऐसे में खिराआमा गांव के लोग बरसात मौसम जान जोखिम में डाल टूटे हुए पुलिया के सहारे आवागमन करने को विवश है।

**खास बात**
- जान जोखिम में डाल करते है आवागमन

शासन प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर गंभीर है परंतु आज भी जिले के कई ऐसे गांव है जो मूलभूत सुविधाओं से कोसो दूर है। ऐसे में शासन प्रशासन के विकास का दवा सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गई है। विकासखंड बतौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोविंदपुर के आश्रित गांव खिराआमा में मूलभूत सुविधा की भारी कमी है। गांव में आवागमन हेतु व्यवस्थित सड़क नहीं होने से बारिश के इस मौसम में क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी होती है। शासन प्रशासन द्वारा पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए अनेक योजनाएं संचालित है जो सिर्फ कागजों में संचालित हो रहे है। जिसके कारण ग्राम पंचायत गोविंदपुर के आश्रित ग्राम खिराआमा में निवासरत पहाड़ी कोरबा समाज के 50 घरों के लगभग 200 परिवार आज भी पहुंच विहिंता का दंश झेल रहा हैं। कोरवा समाज के लोगों के आवागमन करने हेतु परियोजना मद से पांच वर्ष पूर्व 10 लाख की स्वीकृत राशि से अधिकारियों द्वारा पुलिया का निर्माण कराया गया था। घटिया निर्माण के कारण पुलिया 3 वर्ष में ही धराशाई हो गया और बचा हुआ हिस्सा नदी के पानी से और क्षतिग्रस्त हो गया। ऐसे में बरसात के मौसम में खिराआमा गांव न अन्य पंचायत से कट जाता है बल्कि पहुंच विहीन होने के साथ टापू बन जाता है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने पुलिया निर्माण कराने की मांग नहीं की है बावजूद इसके आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं की गई जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



क्षतिग्रस्त पुलिया।

### पुलिया निर्माण कराने की मांग

ग्राम पंचायत गोविंदपुर के आश्रित ग्राम खिराआमा में पांच वर्ष पूर्व 10 लाख की लागत से पुलिया का निर्माण किया गया था। पुलिया निर्माण होने से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हुई परंतु पुलिया निर्माण गुणवत्ताहीन होने के कारण दो साल बाद ही क्षतिग्रस्त हो गया जिससे पूर्व की भांति हालत हो गई। तेज बारिश होने पर पुलिया और भी क्षतिग्रत हो गई। पुलिया के क्षतिग्रस्त होने तथा आवागमन में हो रही परेशानियों को लेकर ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण कराने की मांग की है।

### मरीजों झेलगी से लेकर जाते है परिजन

खिराआमा गांव आने जाने के लिए एकमात्र रास्ता पुलिया से होकर गुजरा है। ऐसे में पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने पर ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब भी भारी बारिश होती है पुलिया से गुजरना काफी खतरनाक होता है जिससे आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो जाती है। पुल नहीं होने से बरसात के दिनों में खिराआमा गांव ग्राम पंचायत से अलग हो जाती है। ऐसे में क्षेत्र को लोगों को जरूरी सामान व राशन के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि गांव में कोई बीमार या किसी गर्भवती माता को प्रसव पीड़ा हुआ तो उसे झेलगी के सहारे पुलिया पार कर मुख्य मार्ग तक लेकर जाना पड़ता है। ऐसे में हमेशा जान का खतरा बना रहता है।

### हर संभव किया जाएगा सहायता

ग्राम पंचायत गोविंदपुर के खिराआम स्थित पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है तो संबंधित विभाग को जांच हेतु आदेशित किया जाएगा। ग्रामीणों की सुविधा प्रदान करने की हर संभव सहायता किया जाएगा।

-रवि राही
एसडीएम सीतापुर



क्षतिग्रस्त तटबंध।

## पहली बारिश में ही भरभरा कर गिर गया 10 लाख का तटबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलखरिखा

छोटे से बरसाती नाले से अपने खेत की मिट्टी को बचाने के लिए सरपंच ने सांसद निधि से तटबंध का निर्माण करा दिया। निर्माण के नाम पर खानापूर्ति करने के कारण तटबंध एक सप्ताह भी खड़ा नहीं रह पाया और पहली बरसात में ही भरभरा कर गिर गया।

- ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के सरपंच ने एक सप्ताह पूर्व कराया था निर्माण

ग्राम पंचायत मुकुंदपुर से बरसाती खेखरा नाला गुजरता है। नाला के किनारे सरपंच की भूमि है। बरसात के दौरान भारी वर्षा होने पर नाला किनारे के खेतों की मिट्टी बहती है साथ ही तेज धार में कुछ खेतों की मिट्टी का कटाव होता है। ग्रामीणों की मांग पर मिट्टी का कटाव रोकने सांसद ने तटबंध निर्माण के लिए कुल 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की थी। शासन द्वारा राशि जारी की गई तो सरपंच ने अपनी जमीन के किनारे तटबंध निर्माण की खानापूर्ति कर दी। निर्माण में न तो मानक के अनुसार सीमेंट का उपयोग किया गया न ही सरिया का। नतीजा यह हुआ निर्माण पूरा होने के एक सप्ताह बाद हुई पहली बारिश में ही तटबंध भरभरा कर गिर गया। सरपंच द्वारा की गई निर्माण की खानापूर्ति से शासन द्वारा जारी 10 लाख रूपए की भेंट चढ़ गयी तथा ग्रामीणों को निर्माण का लाभ भी नहीं मिला। नाराज ग्रामीणों ने गुणवत्ताहीन निर्माण की जांच कराने एवं सरपंच से तटबंध की राशि वसूलने की मांग की है।

इस संबंध में जनपद पंचायत लखनपुर के जनपद सीईओ वेदप्रकाश पाण्डेय ने बताया कि तटबंध निर्माण की जांच कराई जाएगी तथा सरपंच के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### कांवरियों की सेवा करने बोल बम सेवा समिति के सदस्य हुए रवाना

**बिश्रामपुर/राजपुर।** श्रावण मास में कांवड़ियों की सेवा करने गुरुवार को सरगुजा कोरिया बोल बम सेवा समिति के सदस्य रवाना हो गए हैं। गौरतलब है कि सरगुजा कोरिया बोल बम सेवा समिति छत्तीसगढ़ का 20 वां वर्ष का भंडारा सुल्तानगंज से देवघर पैदल मार्ग पर लगाने के लिए समिति के सदस्य रवाना हो गए हैं। पूरे श्रावण मास में सेवा समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिवर्ष बाबा धाम देवनगरी के पैदल मार्ग पर जाने व आने वाले कांवड़ियों की सेवा की जाती है। साथ ही पूरे सावन माह में समिति द्वारा भंडारा आयोजित किया जाता है। समिति के संस्थापक सदस्य व अध्यक्ष सुभाष शर्मा के नेतृत्व में दिनेश गोयल, बाबूलाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेंद्र बंसल, रामस्वरूप गुप्ता, प्रमोद ठाकुर, शंकर अग्रवाल, रामू शर्मा, पवन अग्रवाल, नाथूलाल अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, महाकाल, नन्हे गुप्ता सहित अन्य सदस्य वहां जाकर सेवा करने रवाना हुए हैं।

## सरगुज़ा नागरिक अधिकार मंच ने ट्रेन संबंधी मांग को लेकर सांसद व विधायक से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा एक पिछड़ा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र में आवागमन के बहुत ही सीमित साधन उपलब्ध हैं। सरगुजा संभाग कोयला उद्योग से जुड़ा क्षेत्र है, इस वजह से देश के लगभग सभी प्रदेशों के नागरिक यहां पर निवास करते हैं और कार्यरत हैं, जिन्हें यातायात के सुगम साधन उपलब्ध न होने की वजह से काफी असुविधा होती है। इसी समस्या के मद्देनजर सरगुजा नागरिक अधिकार मंच ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री सहित रेल मंत्री, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, क्षेत्रीय सांसद, मंत्रियों व विधायक को पत्र लिखकर इस ओर ध्यान आकर्षित कराया था।

इस पत्र में उल्लेख किया गया था कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सरगुजा को राजधानी रायपुर से जोड़ने वाली एकमात्र ट्रेन 18242 दुर्ग एक्सप्रेस जो रायपुर प्रातः 8:35 पर पहुंचती है और अक्सर विलंब से चलती है। जिस वजह से राज्य की प्रमुख ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ-साथ गोंडवाना एक्सप्रेस, मुंबई मेल, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस इत्यादि ट्रेनों में यात्रा करने से सरगुजा के आम रहवास वंचित रह जाते हैं। साथ ही ट्रेन जब लेट पहुंचती है तो सरगुजावासी दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, भुवनेश्वर, इंदौर, चेन्नई, हैदराबाद इत्यादि शहरों की हवाई यात्रा का लाभ भी नहीं ले पाते हैं।नागरिक अधिकार मंच की मांग है कि 18242 अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस प्रातः 8:35 बजे की स्थान पर 7 बजे रायपुर स्टेशन पहुंच जाए इससे क्षेत्र के नागरिकों को बहुत से लाभ होंगे। एक ओर जहां 7 बजे ट्रेन पहुंचने पर नागरिक व कर्मचारी राजधानी के कार्यालय पहुंचकर अपने कार्य समय पर कर उसी दिन वापस भी हो सकेंगे। वहीं बड़े अस्पताल में बेहतर उपचार शीघ्र मिलने के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा एवं प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी उसी दिन सम्मिलित हो सकेंगे और एक दिन पूर्व पहुंचने की आवश्यकता नहीं होगी। मंच द्वारा यह भी मांग किया गया है कि दिल्ली से अंबिकापुर आने वाली ट्रेन का ठहराव बिश्रामपुर स्टेशन में भी देकर सरगुजा को राष्ट्रीय मानचित्र पर लाने व विकास के द्वार खोलने के लिए दिल्ली की ट्रेन का नाम सरगुजा सुपरफास्ट एक्सप्रेस कराई जाए। इस संबंध में पीएमओ रेलवे की तरफ से पत्राचार दर्ज में ग्रीवेंस को दर्ज किया गया है और रेलवे की तरफ से मांगों को मानने से इनकार कर दिया गया है। आम जनमानस की उक्त गंभीर समस्या को लेकर नागरिक अधिकार मंच के सदस्य प्रदीप गर्ग, वीरेश सिंह, राम रतन मित्तल, जतिन तायल, अशोक जिंदल, अंशुमान तिवारी, अशोक जिंदल ने सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज व प्रेमनगर विधायक भूलन मरावी से मुलाकात कर अपनी मांगों को रेलवे के सामने प्रमुखता से उठाने की अपील की है।



## गुमगरा जंगल में चल रही थी बांस की कटाई, ग्रामीणों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर


जंगल में पेड़ो की अवैध कटाई के साथ अब तस्कर बेखौफ होकर बांस प्लांटेशन की भी कटाई कर रहे है। तस्करों द्वारा विगत दो दिनों से की जा रही बांस कटाई की सूचना पर ग्रामीणों ने बीती रात जंगल में घुसकर अवैध कटाई को रोका गया। इस दौरान मौका पाकर तस्कर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा 43 नग बांस को जब्त किया गया है।

- तस्कर हुए फरार, 43 बांस जब्त

बता दें कि वन परिक्षेत्र गुमगरा कला के बीट क्रमांक 2250 में बांस प्लांटेशन किया गया है। उक्त बांस प्लांटेशन में विगत दो दिनों से बांस की अवैध रूप से कटाई की जा रही थी। इस बात की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बांस प्लांटेशन में दबिश दी लेकिन इस दौरान तस्कर काटे गए बांस को छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों के अनुसार तस्करों द्वारा दो दिनों में 100 से अधिक बांस को बेच दिया गया। वहीं घटना स्थल से 400 मीटर की दूरी पर बीट गार्ड का विश्रामगृह है लेकिन वन विभाग को इसकी जानकारी नहीं मिल पाई। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम द्वारा मौके से 43 बांस को जब्त किया गया है लेकिन फिलहाल तस्कर मौके से फरार हो गए है। बांस प्लांटेशन में अवैध कटाई को लेकर ग्रामीणों में रोष का माहौल है।

इस संबंध में रेंजर मेरी लीला लकड़ा ने बताया कि बांस प्लांटेशन में अवैध कटाई की सूचना पर टीम को भेजा गया। बीट प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर बांस को जब्त किया है। इस मामले की जांच की जा रही है।

## अकीदत से मनाया गया मोहर्रम, निकला मातमी जुलूस





**सूरजपुर।** मातमी त्योहार मोहर्रम मुस्लिम समाज ने अकीदत के साथ बुधवार को मनाया। इस अवसर पर नगर के मस्जिद पारा, नवापारा, महगंवा और मानपुर से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मातमी जुलूस निकाला वहीं सभी जगह से ताजिया निकाला गया। जुलूस और ताजिया मस्जिद पारा से लेकर भैयाथान चौक पर महगंवा से आए ताजिया एवं थाना चौक से मानपुर का ताजिया मिलाते हुए, नवापारा के ताजिया के साथ सभी मुस्लिम समुदाय के लोग एक साथ मिलकर वापस भैयाथान चौक पहुंचे जहां लंगर और फातिहा खानी का आयोजन किया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने करतब का प्रदर्शन किया। करतब के बाद जुलूस कर्बला शरीफ पहुंचा जहां अंजुमन कमेटी सूरजपुर द्वारा सभी ताजिया कमेटी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान इश्तेयाक अहमद सदर जामा मस्जिद, मुश्ताक़ पंडरी, दिलबर खान ,कलीम उल्लाह, फिरोज नवापारा, इकबाल खान, सलीम खान मानपुर, रज्जाक अहमद,जफर हैदर, अख्तर अली, समीर अहमद, दानिश, नौशाद अहमद, इमाम हसन,आमिर खान, शमरोज खान, अयान खान, सलीम चिश्ती, इमरान कुरैशी आदि मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा समिति ने की जलपान की व्यवस्था

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गंगा जमुनी तहजीब के साथ मुस्लिम समुदाय के लिए जलपान का इंतजाम दुर्गा पूजा समिति द्वारा गया किया। ताजियादारों और जुलूस के लिए हर वर्ष गंगा जमुनी तहजीब के साथ नवापारा में दुर्गा पूजा समिति के समीप मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए जलपान का व्यवस्था किया जाता है। इस दौरान समिति रामकृष्ण ओझा, अनूप अग्रवाल, राम श्रृंगार यादव, संतोष सोनी सहित दुर्गा पूजा समिति के अन्य लोग मौजूद थे।

## वन विभाग की टीम ने 6 नग साल लट्ठा से भरे पिकअप को पकडा

**रामानुजगंज।** क्षेत्र में गश्त कर रहे वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से साल लट्ठा लेकर जा रहे जा है पिकअप वाहन को उत्तर प्रदेश सीमा के समीप पकड़ा है जबकि वाहन सवार चालक व एक अन्य व्यक्ति मौके से फरार हो गए। जब्त की गई लट्ठा की कीमत 5 लाख रुपए बताई जा रही है। वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत वनमण्डलाधिकारी बलरामपुर अशोक तिवारी के निर्देशन में एवं अनिल सिंह पैकरा उप वनमंडलाधिकारी वाड्रफनगर के मार्गदर्शन में संगठित वन अपराध की रोकथाम की सघन मुहिम चलाई जा रही है। इसी कड़ी में वन परिक्षेत्र अधिकारी वाड्रफनगर रामनारायण राम के नेतृत्व में बीती रात गश्त के दौरान परिसर रंगई के कक्ष क्रमांक आरएफ 729 से एक पेड़ की कटाई कर अवैध रूप साल लट्ठा 6 नग पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 03 पी 0958 द्वारा अवैध रूप से परिवहन करने की सूचना मिली। जिस पर वन अमला की टीम ने वाहन का पीछा करते हुए ग्राम शारदापुर से स्याही, बैकुण्ठपुर, गोबरा होते हुए उत्तर प्रदेश सीमा स्थित आसनडीह गांव के समीप पकड़ा। जहां वाहन चालक एवं उसके एक साथी मौके से फरार हो गए थे। हालांकि टीम ने दोनो का पीछा किया लेकिन दोनों भागने में सफल हो गए। वन विभाग की टीम ने साल लट्ठा से भरे पिकअप का जब्त कर अज्ञात के विरूद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर तलाश शुरू कर दी है। कार्रवाई में वनपाल सुरेश प्रसाद यादव, श्रीमती मोनिका तिग्गा, श्रीमती जोसफिन केरकेट्टा, मथुरा प्रसाद दुबे, रूप प्रसाद, वनरक्षक सुनिल सिंह पैकरा सहित अन्य सक्रिय थे।



## दंतैल ने 6 घरों को ढहाकर बनाया खण्डहर, खा गया अनाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बीती रात अकेले घूम रहे दंतैल ने ग्राम रमकोला एवं आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। दंतैल ने ग्राम रमकोला एवं बड़वार एवं भेलकच्छ में 6 ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ की तथा घर में रखा अनाज को चट कर गया। दंतैल ने घरों में रखे उपयोगी सामानों को भी नष्ट कर दिया है। भरी बरसात में दंतैल द्वारा घरों को ढहाने के कारण ग्रामीणों के समक्ष गुजर-बसर करने का संकट उत्पन्न हो गया है।

- प्रभावित ग्रामीणों के समक्ष बरसात में गुजर-बसर का संकट

बीती रात अभ्यारण्य क्षेत्र से पहुंचे दंतैल ने ग्राम रमकोला में जमकर तबाही मचाई। दंतैल ने गांव के रामचंद्र सिंह एवं श्रीनाथ पोया के घर में तोड़फोड़ की एवं घर में रखा अनाज खा गया। परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। ग्राम रमकोला में तोड़फोड़ मचाने के बाद मध्य रात्रि दंतैल ग्राम भेलकच्छ पहुंचा एवं बृज दोहरे के घर में तोड़फोड़ करने के बाद घर में रखा अनाज खा गया तथा टीवी, बर्तन एवं अन्य सामानों को नष्ट कर दिया। दंतैल ने बड़वार निवासी भूपेश यादव व रहमतुल्लाह के घर को ढहाकर खण्डहर बना दिया। भरी बरसात में दंतैल द्वारा ग्रामीणों का घर ढहाने के कारण परिवार के समक्ष बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है।



प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि पूरी रात बिजली गुल रहने के कारण हाथियों के आने पर विपरीत स्थिति निर्मित हो जाती है। हाथी ने 5-6 किसानों की मक्के व धान की फसल तबाह कर दी है। गोंगपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री कवल साय सरूता ने हाथी प्रभावित ग्रामीणों से मिलकर क्षति का जायजा लिया एवं जल्द मुआवजा भुगतान कराने का आश्वासन दिया।


### करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**राजपुर।** घर में विद्युत तार ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। करेंट की चपेट में आकर युवक बुरी तरह झुलस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मूलतः सूरजपुर जिले के प्रतापपुर बोझा निवासी 30 वर्षीय गोपाल सिंह आ. विक्रम सिंह अपने पिता के साथ राजपुर के ग्राम चौरा स्थित नाना के घर रहता था। 17 जुलाई को युवक घर में बिजली के पुराने तार को ठीक कर रहा था इस दौरान युवक के कंधे पर टूटकर तरंगित तार गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मृतक के भाई ज्ञान सिंह ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## कला संस्कृति का विस्तार कर रही संस्कार भारती : चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

अखिल भारतीय संस्कार भारती द्वारा जिला मुख्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि संस्कार भारती द्वारा क्षेत्र के लोक कला को जीवंत रखने का कार्य किया जा रहा है। मेरी शिक्षा संस्कृत से हुई है और मैंने अपने शिक्षा में पढ़ा है कि संगीत भगवान शिव की डमरू से उत्पन्न हुआ है। संगीत से जुड़े कला साधक ईश्वरीय कार्य में लगे हुए हैं। समाज में लोगों को आगे आकर कला साधकों का सम्मान करना चाहिए। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित ने कहा कि संस्कार भारती का कार्य इसी तरह चलता रहे यह समाज के लिए आवश्यक कार्य है। संस्कार भारती के जिला महामंत्री मनोज तिवारी द्वारा गौ सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले बद्री यादव को सम्मानित किया गया।



# 'कन्नप्पा' दिसंबर में होगी रिलीज ...

**नई दिल्ली।** 'कन्नप्पा' विष्णु मांचू की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को और खास बनाने के लिए विष्णु मांचू पूरी मेहनत कर रहे हैं। फिल्म में कई दिग्गज सितारों की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। गुरुवार, 18 जुलाई को विष्णु मांचू ने अपनी आगामी बड़े बजट की फिल्म 'कन्नप्पा' की रिलीज की घोषणा की। उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए यह जानकारी दी कि फिल्म दिसंबर 2024 में रिलीज होगी। 'कन्नप्पा' एक पौराणिक फिल्म है, जो पूरी होने वाली है। मई में फिल्म का टीजर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। बाद में 14 जून को भारत में टीजर रिलीज किया गया।

लाइफ Style


# सोनम

## कपड़े उधार लेकर पहना करती थीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर अभिनय की दुनिया में बड़ा नाम कमा चुकी हैं। अभिनय के साथ साथ वे फैशन की दुनिया की भी बेहतरीन हस्ती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री ने अपने स्टाइल के बारे में बात की कि वे कैसे कपड़े चुनती हैं और इस बीच की सभी चीजें कैसे संभालती हैं।

सोनम ने कहा, 'मैं सिर्फ वही पहनना चाहती थी, जो मुझे अपने जाने-पहचाने डिजाइनरों से पसंद था। यह सिर्फ मैं ही थी जो मेरी मां से मिली शिक्षा और फैशन के प्रति मेरे जुनून से प्रभावित थी। मैं अंतरराष्ट्रीय और भारतीय दोनों ही तरह के फैशन डिजाइनरों को स्टार मानती थी, क्योंकि मैं अपनी मां के जरिए उन्हें पसंद करती हुई बड़ी हुई हूं। यह किसी छवि को पेश करने के बारे में नहीं था, यह फैशन के प्रति मेरे सच्चे प्यार के बारे में था।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे एहसास हुआ कि लोग अक्सर कपड़े उधार नहीं लेते, इसलिए मैंने उन्हें उधार लेना शुरू कर दिया। हर समय सब कुछ खरीदना समझदारी नहीं थी। मैंने बहुत कुछ खरीदा, लेकिन उधार लेना अधिक व्यावहारिक था। यह प्रथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आम थी, लेकिन भारत में नहीं, इसलिए मैंने वही किया जो उस समय सही लगा। मैं 20 साल की लड़की थी, बिना किसी रणनीतिक इरादे के बस फैशन के प्रति अपने जुनून का पीछा कर रही थी।' सोनम अब एक वैश्विक फैशन आइकन हैं और अंतरराष्ट्रीय मीडिया द्वारा उनके बेहतरीन फैशन सेंस और ब्रांड्स पर उनके जबर्दस्त प्रभाव के लिए उनका सम्मान किया जाता है। उनके लगातार शानदार कपड़ों ने उन्हें दुनिया भर के शीर्ष फैशन ब्रांड्स में पसंदीदा बना दिया है।



हॉलीवुड मसाला



# फिर साझा कीं शानदार तस्वीरें...

**लॉस एंजिलिस।** किम कार्दशियन और उनकी बहन क्लोई कार्दशियन का भारत में काफी अच्छा समय बीता था। इसकी झलकियां अब किम लगातार अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा कर रही हैं। किम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों से पहले उसने एक्स हैंडल पर एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें वह एक ट्रे में चंदन पाउडर और टीका पकड़े हुए नजर आई थीं। वह एक सफेद बॉडीकॉन आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं।



# एमसीयू में रूसो ब्रदर्स की वापसी की खबर से फैंस में हलचल...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। रूसो बंधु यानी जो रूसो और एंथनी रूसो मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में वापसी कर सकते हैं। दोनों साथ मिलकर 2014 में रिलीज हुई 'कैप्टन अमेरिका: द विंटर सोल्जर', 2016 में आई 'कैप्टन अमेरिका: सिविल वॉर', 2018 में आई 'एवेंजर्स: इनफिनिटी वॉर' और 2019 में आई 'एवेंजर्स: एंडगेम' का निर्देशन कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जो और एंथनी से साल 2026 और 2027 में आने वाली दो एवेंजर्स फिल्मों को बनाने के सिलसिले में बातचीत चल रही है। हालांकि, रूसो बंधुओं की प्रोडक्शन कंपनी एजीबीओ की ओर से फिलहाल इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि यह दोनों ही फिल्में जो और एंथनी की ही 'एवेंजर्स: इनफिनिटी वॉर' और 'एवेंजर्स: एंडगेम' से जुड़ी होंगी।



# क्या जल्द शादी करने वाली हैं श्रद्धा..?


**मुंबई।** श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'स्त्री' के मोस्ट अवेटेड सीक्वल 'स्त्री 2' की रिलीज के लिए तैयार हैं। 15 अगस्त को सिनेमाघरों में आने वाली इस फिल्म में अभिनेत्री कॉमेडी और हॉरर का तड़का लगाने के लिए तैयार हैं। निजी जीवन की बात करें तो श्रद्धा के बारे में पिछले काफी समय से यह अफवाह है कि वह स्क्रिप्ट राइटर राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। अब 'स्त्री 2' के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर उन्होंने अपनी शादी के प्लान के बारे में खुलकर बात की है। अपने रिश्ते और शादी के प्लान के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए, अभिनेत्री ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'वह स्त्री है, उसे जब दुल्हन बनना है वो बनेगी'। इससे पहले श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर राहुल मोदी के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर जाहिर किया था।



# महाराजा ओटीटी पर नंबर-1 पर कर रही है ट्रेंड

**नई दिल्ली।** साल 2024 में सिनेमाघरों में एक क्राइम-थ्रिलर फिल्म आई थी। 20 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की थी। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 104.84 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया था और अब ये फिल्म ओटीटी पर भौकाल काट रही है। जी हां! ओटीटी पर ये फिल्म टॉप 10 ट्रेंडिंग फिल्मों की लिस्ट में पहले नंबर पर है। इस फिल्म का नाम 'महाराजा' है। विजय सेतुपति ने इस फिल्म में लीड रोल प्ले किया है। वहीं, अनुराग कश्यप ने खूंखार विलेन की भूमिका निभाई है। इस फिल्म की खास बात ये है कि इसकी कहानी एकदम यूनीक है और सस्पेंस के साथ-साथ इस फिल्म में एक्शन का तड़का भी लगाया गया है। यदि आप ये फिल्म देखना चाहते हैं तो ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

टीवी मसाला



# सिद्धार्थ शुक्ला को याद कर रो पड़ीं जैस्मिन भसीन...

**नई दिल्ली।** एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला का निधन हर किसी के लिए शॉकिंग था। जैस्मिन भसीन उनके साथ दिल से दिल तक में काम कर चुकी हैं। जब यह दुखद खबर आई तो जैस्मिन मुंबई में नहीं थीं। वह कश्मीर गई थीं। उन्होंने इंटरव्यू के दौरान वो वक्त याद किया तो बुरी तरह रो पड़ीं। जैस्मिन ने बताया कि वहां इंटरनेट ना होने की वजह से उन्हें कुछ पता नहीं चल सका था। पर मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो लोगों की सुगबुगाहट कान में पड़ी। जब सच में खबर मिली तो वह सुन्न पड़ गई थीं। मैं यह सच स्वीकार ही नहीं कर पाई कि वह जा चुके हैं। उनकी मौत ने मुझे जीवन की सबसे बड़ी सीख दी कि कुछ भी परमानेंट नहीं है। तो वक्त रहते सारे गिले-शिकवे दूर कर लेने चाहिए, क्योंकि वक्त का कुछ पता नहीं। इंसान चला जाता है पर आप दर्द और पछतावे के साथ रह जाते हो कि काश बात कर ली होती। जैस्मिन ने बताया कि दिल से दिल तक में सिद्धार्थ ने उनका बहुत सपोर्ट किया था। वह नर्वस हो जाती थीं तो सिद्धार्थ उन्हें मोटिवेट करते थे। वह वैनिटी वैन में ना जाकर उन्हें सपोर्ट करते थे। जैस्मिन बोलीं, सेट पर वह मेरे बेस्ट फ्रेंड थे। हम साथ में खाते थे, पैक-अप के बाद साथ में जाते थे।

# रूही पर टूटेगा दुखों का पहाड़, पौद्दार हाउस में ऐसे होगी रोहित की एंट्री

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में रूही पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ेगा। उसकी आखिरी उम्मीद भी उससे छीन जाएगी। रूही के साथ-साथ बड़े पापा भी निराश हो जाएंगे। लेकिन, सवाल यह उठता है कि ऐसा क्या होगा जिसकी वजह से रूही और बड़े पापा दोनों परेशान हो जाएंगे? दरअसल, 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के आने वाले एपिसोड में रोहित की वापसी होगी। जब रूही को पता चलेगा कि रोहित जिंदा है तब उसकी अरमान को पाने की आखिरी उम्मीद खत्म हो जाएगी। वहीं बड़े पापा, रूही को पौद्दार हाउस से दूर रखना चाहते हैं, लेकिन रोहित के वापस आने की वजह से वह ऐसा नहीं कर पाएंगे इसलिए वह दुखी हो जाएंगे। आने वाले एपिसोड्स में दिखाया जाएगा कि रोहित का एक्सीडेंट हो जाता।



# लंदन मैडम तुसाद में सजेगा राम चरण का मोम का पुतला!



**नई दिल्ली।** लंदन के मैडम तुसाद में हॉलीवुड और बॉलीवुड के तमाम सुपरस्टार्स के मोम के पुतले अभी तक सजाए जा चुके हैं, जिनमें अमिताभ बच्चन से लेकर करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, ऋतिक रोशन और प्रियंका चोपड़ा के अलावा भी कई भारतीय स्टार्स शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बॉलीवुड, हॉलीवुड के बाद अब टॉलीवुड स्टार राम चरण का मोम की प्रतिमा लंदन के मैडम तुसाद में लगाई जाएगी। अभी यह तय नहीं हुआ है कि स्टार के मोम के पुतले को किस तरह का लुक दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के ऐसे पहले मेगास्टार है, जिनका मैडम तुसाद म्यूजियम में सबसे पहले स्टैच्यू लगा था। जब अमिताभ बच्चन का मैडम तुसाद में मोम की प्रतिमा का अनावरण हुआ था, तब बिग बी ने अपने मोम के पुतले के बगल में खड़े होकर शानदार पोज दिए थे। बताया जाता है कि अमिताभ बच्चन की मोम की प्रतिमा को देखने के लिए हर साल संग्रहालय में 25 लाख से ज्यादा संख्या में लोग आते हैं। अमिताभ के ही स्टाइल को ध्यान में रखते हुए उनके मोम के पुतले को बनाया गया था। सलमान खान का भी मैडम तुसाद में स्टैच्यू लगाया जा चुका है। सलमान ने भी अपने मोम के पुतले के साथ कई फोटो क्लिक करवाईं थीं। उनके मोम के पुतले को बिल्कुल उनकी तरह ही स्टाइल में बनाया गया था। सलमान के मोम के पुतले को ब्लैक रंग की सैंडो के साथ ब्लैक जींस का लुक दिया गया था।

# अमिताभ नहीं थे दीवार के लिए पहली पसंद इस सुपरस्टार ने फिल्म करने से किया था इंकार





**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन के करियर की कुछ ऐसी फिल्में हैं जिनकी कल्पना उनके बिना तो की ही नहीं जा सकती। उनका एंग्री यंगमैन अवतार और डायलॉग बोलने का अंदाज और स्टाइल सब ही बेमिसाल रहे हैं। लेकिन जैसा फिल्म इंडस्ट्री में अकसर होता है कि एक फिल्म के लिए कई सितारों को अप्रोच किया जाता है और फिर फिल्म किस स्टार की झोली में जाती है ये किसी को पता नहीं होता है। ऐसा ही कुछ अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार के साथ भी हुआ। दीवार में अमिताभ बच्चन के किरदार को इतना प्यार मिला कि उनके डायलॉग आज तक सुने जा सकते हैं। लेकिन ये भी सच है कि इस फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन पहली पसंद नहीं थे। अमिताभ बच्चन की दीवार 1975 में रिलीज हुई थी। जिसे यश चोपड़ा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में अमिताभ बच्चन के साथ शशि कपूर, नीतू सिंह, परवीन बाबी, इफ्तिखार, मदन पुरी, सत्येन कप्पू और मनमोहन कृष्ण लीड रोल में थे। फिल्म का बजट लगभग 1.30 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 7.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इस तरह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। बताया जाता है कि फिल्म के निर्माताओं ने इस फिल्म के लिए पहले शत्रुघ्न सिन्हा को अप्रोच किया था। लेकिन शत्रुघ्न सिन्हा उन दिनों कुछ दूसरे प्रोजेक्ट में व्यस्त थे, जिस वजह से उन्होंने फिल्म करने से इनकार कर दिया। फिर जब ये फिल्म अमिताभ बच्चन के पास पहुंची तो उन्होंने इसके लिए हां कह दी और बाकी सब इतिहास बन गया। अमिताभ बच्चन की सबसे कामयाब फिल्मों में दीवार का नाम गिना जाता है और इसके डायलॉग तो बेहतरीन रहे हैं। फिल्म की कहानी और संवाद सलीम-जावेद के थे।

## 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' में आलिया ने निभाई हैं अहम भूमिका


# शादी पर आधारित हैं इन फिल्मों की कहानी, गुदगुदाती भी हैं और रुलाती भी

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की कुछ फिल्मों में शादी के विषय पर बढ़िया फिल्में बन चुकी हैं। '2 स्टेट्स', 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'तनु वेड्स मनु' और 'बैंड बाजा बारात' शादी पर आधारित अच्छी हिंदी फिल्में हैं, जो दर्शकों को गुदगुदाने के साथ-साथ उन्हें रुलाती भी हैं। चारों फिल्मों का विषय भले ही एक है, लेकिन कहानी एकदम अलग है। '2 स्टेट्स', 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'तनु वेड्स मनु' और 'बैंड बाजा बारात' की कहानी शादी के इर्द-गिर्द घूमती है। इन चारों फिल्मों को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।*




**2 स्टेट्स :** '2 स्टेट्स' में अलग-अलग संस्कृति से आने वाले एक पंजाबी लड़के और एक तमिल लड़की की कहानी दिखाई गई है, जिनकी शादी में परिवार द्वारा बाधाएं डाली जाती है, लेकिन वे दोनों इससे पार पा लेते हैं। इस फिल्म में अर्जुन कपूर और आलिया भट्ट ने मुख्य किरदार निभाया था। इसका निर्देशन अभिषेक वर्मन ने किया था। यह फिल्म 2014 में रिलीज हुई थी।

**हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया :** 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' में भी आलिया भट्ट ने अहम भूमिका निभाई हैं। इस फिल्म में उन्होंने अंबाला शहर की एक लड़की का किरदार अदा किया है, जो दिल्ली के एक लड़के से मिलती हैं और दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठते हैं।




इसके बाद कहानी दोनों की शादी तक पहुंचती है। इसमें आलिया भट्ट के अलावा वरुण धवन और दिवंगत सिद्धार्थ शुक्ला ने भी अभिनय किया था।

**तनु वेड्स मनु :** 'तनु वेड्स मनु' के तो नाम से ही साफ हो जाता है कि यह फिल्म शादी पर आधारित है। फिल्म की कहानी एक एनआरआई डॉक्टर मनु के शादी करने के इर्द-गिर्द घूमती है। मनु विदेश से भारत में दुल्हन ढूंढकर शादी करने आता है, जहां उसकी मुलाकात तनु से होती है। इस फिल्म में आर माधवन, कंगना, स्वरा भास्कर, जिमी शेरगिल और दीपक डोबरियाल ने शानदार अभिनय किया है। यह एक बढ़िया कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन आनंद एल राय ने किया है।



**बैंड बाजा बारात :** 'तनु वेड्स मनु' की ही तरह 'बैंड बाजा बारात' के नाम से भी स्पष्ट है कि यह फिल्म भी शादी पर ही आधारित है। इसकी कहानी दो वेडिंग प्लानर श्रुति कक्कड़ और बिट्टू शर्मा के बारे में हैं। बिजनेस करते-करते दोनों एक-दूजे के प्यार में पड़ जाते हैं। इस वजह से दोनों के पेशवर संबंधों पर भी असर पड़ता है। फिल्म में अनुष्का शर्मा और रणवीर सिंह ने मुख्य किरदार निभाया था। इसका निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है।



## खबर संक्षेप

### बाल्मिकी रामायण का नेपाली भाषा में अनुवाद



**छाल नवापारा।** रायगढ़ के वरिष्ठ कवि छत्तीसगढ़ के प्रथम इंग्लिश उपन्यासकार, अंतराष्ट्रीय साहित्यकार डॉ वासु देव यादव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आज यहां जानकारी दी कि मंजिल ग्रुप साहित्य मंच में अठारह देशों से लगभग पन्द्रह हज़ार सदस्य हैं। जिसमे से मात्र कुछ कवियों को ही इस आयोजन मे सम्मलित होने का सुअवसर प्राप्त हुआ। नेपाल गंडकी प्रदेश जिला तन्हू स्थित चुन्दीरम्भा में आदि कवि भानु भक्त जिन्होंने बाल्मिकी रामायण का नेपाली भाषा में अनुवाद किया था उनकी दो सौ ग्यारहवीं जन्मोत्सव पर त्रिदिवसीय अंतराष्ट्रीय कवि सम्मेलन, रामायण पाठ खुली प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भानू भक्त विकास समिति चुन्दीरम्भा द्वारा किया गया। जिसमे प्रमुख रुप से सहदेव अधिकारी जिला महा सचिव जिला तन्हुं नेपाली कांग्रेस राम कुमार श्रेष्ठ प्रेसिडेंट भानू सिटी, लक्ष्मी आचार्य, गंडकी प्रदेश के नेपाली कांग्रेस के जन प्रतिनिधि विष्णु भक्त आचार्य, विष्णु कुमारी श्रेष्ठ सोशल वर्कर उमा गौता में डिप्टी मेयर भानु म्यूनिसप्लटी की उपस्थिति रही।

### जैन संघटना महिला समूह ने स्कूल में किया शिक्षण सामग्री का वितरण



**रायगढ़।** जैन संघटना की महिला ईकाई मानव सेवा व जीवसेवा के साथ ही शिक्षा को बढ़ावा देने के क्षेत्र में भी अपना योगदान कर रही है। इसी कड़ी में महिलाएं ग्राम कोतरा के मिडिल स्कूल पहुँची। स्कूल परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत किया। जैन संघटना की महिलाओं ने स्कूली बच्चों से मिलकर उन्हें शिक्षा हेतु प्रेरित किया। साथ ही कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा आठवीं तक के सभी बच्चों को दो दो कॉपी, पेन, बिस्किट व फल आदि उपहार स्वरूप भेंट किया। इस अवसर पर भारतीय जैन संघटना की ओर से श्रीमती श्वेता शाह, वर्षा मेहता, आरती जैन, भारती मेहता, खुश्बू सेठिया, भावना सेठिया, जयंती सेठिया और विजय सेठिया उपस्थित रही। इन्होंने स्कूल के प्राचार्य एवं पूरे स्कूल स्टाफ की सहयोग हेतु सराहना की तथा बच्चों के बीच हुए अनुभव को बेहद आत्म सन्तोषकारक बतलाया।

### 24 माह से संचालित जल आवर्धन योजना पुसौर में बंद की कगार पर

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में 2017 के आसपास पेय जल आपूर्ति हेतु तात्कालीन सरकार ने महानदी सूरजगढ़ में जल आवर्धन योजना के तहत संबंधित



समूचित संयत्र स्थापित की जो लगभग 2 साल में पुरा हुआ और 2020 के आसपास नगर पंचायत पुसौर को पेयजल सुविधा मिलने लगा। इस बीच कई बार सुरजगढ से पुसौर के बीच पाईप फटने, लाईट गोल होने, बालू धंसने सहित कई प्रकार के बाधायें होती रही। जिस दिन नगर वासियों को नदी का पानी मिलता था तो लोग त्यौहार समझते थे। इस तरह बडा मुश्किल से 2 साल ही नहीं चला था कि अब पता चला कि सूरजगढ़ में स्थापित बोरवेल खराब हो चुका है जिसका मरम्मत करना है साथ ही उक्त नदी में खोदे गये कुंआ नुमा विशाल खाई में अब बालू भी धंस गया है। इस प्रकार जल आवर्धन योजना लगभग 3 साल हुए बंद पडा है। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि नगर को स्वच्छ जल मुहैया कराने के इरादे से यह व्यवस्था के साथ साथ दो वाटर एटीएम की भी स्थापना की गई थी जिसमें लोग सिक्का डाल कर पानी ले रहे थे वह भी आज लगभग 2 साल हो गये बंद पडा है। आज के स्थिति में पुसौर को वितरित हो रहा पानी रूग्ण और खारा है जिससे आए दिन लोगों का पेट खराब रहता है और कपड़े, जेवर और बर्तन भी जल्द खराब हो रहे हैं। 7000 आबादी वाले क्षेत्र के लिए एक अलग से शासन प्रशासन स्थापित होने के बाद भी जनजीवन से जुडा स्वच्छ पानी भी नसीब नहीं हो पाना समझ से परे हैं। इसमें कुछ वाडों में सामान्यतः पानी नहीं मिलने का भी हवाला मिलता रहा है जबकि नगर पंचायत में दर्जनों बोर और दर्जनों ऐसे लोग हैं जो ऐसे कामों के लिये नियुक्त हैं।

### पेट्रोल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** रात के अंधेरे में घर के बाहर खड़े वाहनों से पेट्रोल चोरी करने की शिकायत पर पुलिस ने घात लगाकर चोर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 30 बाजीराव पारा में रहने वाले अमित पांडेय उम्र 43 वर्ष द्वारा उसके घर के पास खड़ी उसकी पल्सर से 14,15 जुलाई की रात्रि अज्ञात व्यक्ति द्वाराबाइक के पेट्रोल पाइप को काटकर करीब 5 लीटर पेट्रोल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक करने पर चोर की तस्वीरें कैपचर हुई जिसे व्हाटसअप ग्रुप में शेयर करने पर आरोपी दरोगापारा के रोशन शर्मा होने का पता चलाए रिपोर्ट पर आरोपी रोशन शर्मा के विरुद्ध थाना जूटमिल में धारा 303, 2 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में दिया गया। अपराध विवेचना के क्रम में जूटमिल पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपित की पहचान पुख्ता किया गया और विधिवत सीसीटीवी फुटेज की साफ्ट फाइल पेन ड्राइव में सुरक्षित कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये दबिश दी गई।

## निधन

### मैथिली विश्वाल

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय के करीब स्थित ग्राम



कोसमंदा के सेवानिवृत्त शिक्षक शशिधर विश्वाल की धर्मपत्नी मैथिली विश्वाल का 17 जुलाई को निधन हो गया। इनके निधन से गांव में शोक व्याप्त हो गया है। ग्रामीण दिवंगत के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कर शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधा रहे है।

## परिजनों की शिकायत पर शुरु होते हैं जांच

# हर माह जिले में 50 से अधिक दर्ज होते हैं मर्ग अधिकांश लावारिस या संदिग्ध मौत के मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

औद्योगिक जिले में हर माह लावारिस शव मिलते हैं। उनकी मौत सचमुच गुमनाम सी रह जारी है। किसी शायर की संवेदनशील पंक्तियां याद आती हैं। लावारिस अक्सर मर जाता करते हैं। लावारिस ही क्यों, कुछ मौतें संदेहास्पदत स्थितियों में भी मौत होती है, लेकिन ये मौतें सिर्फ आमजन को झकझोरती हैं। पुलिस इन मौतों के प्रति ज्यादा गंभीरता नहीं दिखाती।

पुलिस ऐसे मामलों में अधिकांशत नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस की धारा 194 में कार्रवाई कर इतिश्री कर लेती है, जबकि कई मामले बाद में संगीन धाराओं में दर्ज होते हैं। जिले में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैंए जिनमें पहले मर्ग दर्ज हुई, लेकिन बाद में वह मामला हत्या का निकला। कुछेक मामले ऐसे भी सामने आए हैं, जिसमें मृतक के परिजनों ने इस्तगासे के जरिए मामले को खुलवाया और बाद में वह बीएनएसएस की धारा 194 का मामला 103 हत्या में तब्दील हो गया। जाहिर है कि अगर पुलिस अस्वाभाविक मौतों के इन मामलों में संजीदगी दिखाती, तो शायद मौत के कारणों से पर्दा उठ पाता।



**यह है धारा 194:** बीएनएसएस की धारा 194 में जब किसी पुलिस अधिकारी या राज्य सरकार के किसी अधिकारी को सूचना मिलती है कि किसी व्यक्ति की दुर्घटना में जीव.जंतु के हमले में मौत हुई हो या उसने आत्महत्या कर ली है अथवा संदिग्ध मौत हुई हैए उसकी सक्षम अधिकारी जांच करेगा। रिपोर्ट में मौत के कारणों को अंकित करेगा। मौत में किसी तरह की शंका होने पर वह शव का अंतिम संस्कार रुकवा सकता है।

**केस 1**

जूटमिल थाना इलाके में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर इतिश्री कर ली, लेकिन परिजनों को उसकी मौत पर शक हुआ। परिजनों ने पुलिस थाने के कई चक्कर निकालेए लेकिन सुनवाई नहीं हुए। परेशान होकर न्यायालय में इस्तगासा पेश कियाए तब मामला संगीन धाराओं में दर्ज हुआ।

**केस 2**

लैलूंगा थाना इलाके के एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हुई थी पुलिस ने इस मामले में मर्ग दर्ज कर इतिश्री कर ली। जबकि परिजनों ने युवक के साथ अनहोनी होने का शक जताया था। तब जांच आगे बढ़ी और मृतक के पति को ही हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

### 5 साल में दर्ज मर्ग के आंकड़े

| वर्ष कुल | आत्महत्या | प्रकरण में दर्ज मर्ग |
|---|---|---|
| 2020 | 757 | 201 |
| 2021 | 723 | 231 |
| 2022 | 770 | 272 |
| 2023 | 899 | 253 |
| 2024 | 628 | 251 |

### ऐसे में होती है अपराध की मदद

वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल श्रीवास्तव कहते हैं कि परिजन सूचना नहीं देते हैं तो यह सबूत नष्ट करने की मंशा के अपराध की श्रेणी में आता है। पुलिस मामले की जांच नहीं करवाती है तो वह स्वयं उसकी सहयोगी मानी जाती है। मौत की सूचना नहीं देने वाले परिजनों एवं जांच नहीं करने वाले लोकसेवक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। परिजनों पर साक्ष्य.सबूत मिटाने पर बीएनएस की धारा 238 में कार्रवाई की जा सकती है।

### 194 में कार्रवाई नहीं करना गलत

किसी भी तरह से मौत होने पर बीएनएसएस की धारा 194 में मर्ग दर्ज करना जरूरी है। कई मामलों में परिजनों की रजामंदी और पुलिस को कोई आशंका नहीं होने पर वह शव सुपुर्द कर देती है और कार्रवाई नहीं करती। 194 में कार्रवाई नहीं करना पुलिस के लिए जोखिम भरा हो सकता है। अगर किसी मामले में विवाद हो जाए, तो पुलिस के लिए मुश्किल हो सकती है।

-एचएस सिंह
सेवानिवृत निरीक्षक



## अपराध के झूठे वीडियो नहीं बनाएं युवाओं को कलेक्टर की समझाइश

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा की बैठक ली। डीजे पर कार्यवाही के संबंध में बैठक में चर्चा हुई। कलेक्टर ने युवाओं को समझाइश दिए हैं कि वे जिले की शांति व्यवस्था को तोड़ने और अपराध चोरी, डकैती, अपहरण, लूट जैसे वारदात का झूठी वीडियो बनाकर मोबाइल से अपलोड नहीं करें। यदि युवाओं द्वारा ऐसा किया जाता है तो उसके विरूद्ध पुलिस की कार्यवाही की जाएगी।

■ धर्मेश साहू ने सड़क सुरक्षा की बैठक ली

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों ऐसी झूठी वीडियो सारंगढ़ में बनाई गई थी, उन युवकों के विरूद्ध कलेक्टर ने कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम और पुलिस अधिकारी को दिए। बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी ठेकेदारों के साथ विद्युत, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करें और ठेकेदारों को समझाएं कि सड़क के निर्धारित सड़क की सीमा को छोड़कर जल जीवन मिशन की पाईप लाइन बिछाने का कार्य करें। इसी प्रकार विद्युत अधिकारी भी निर्धारित सड़क की सीमा को छोड़कर विद्युत खंभा स्थापित करें। कलेक्टर ने बैठक में हरदी से दानसरा तक सड़क चौड़ीकरण करने सहित दुर्घटनाजन्य ब्लॉक स्पॉट कुधरी, टुंडरी, कनकबीरा, खम्हरिया आदि के पास दिशासूचक और आवश्यक निर्माण कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने जिले के पशुपालकों को कहा कि वे अपने गाय, बछड़े आदि का देखभाल अच्छे से अपने घरों में करें, खुला न छोड़ें और सड़क पर बिल्कुल भी नहीं बैठे इस बात का ध्यान रखें और घर पर व्यवस्था करें। कलेक्टर ने इसकी रोकथाम की रूपरेखा तैयार की है, जिसके लिए बुनियादी तौर पर पशु चिकित्सा विभाग को गाय बछड़े को पशुपालक के नाम की टैगिंग की जाएगी।

### फेल हुए विद्यार्थियों के उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की मांग, छात्र संघ ने किया प्रदर्शन



**रायगढ़।** सारंगढ में छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को एनएसयूआई सारंगढ़ द्वारा पंडित लोचन प्रसाद पांडेय महाविद्यालय सारंगढ़ में यूनिवर्सिटी द्वारा पीजीडीसीए के सभी 23 छात्र-छात्राओं को फेल कर दिया गया के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया व पुनरमूल्यांकन हेतु ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी के अनुसार शहीद नन्दकुमार पटेल यूनिवर्सिटी मे पढ़ने वाले पीजिडीसी, के छात्र छात्राओं को एक ही सब्जेक्ट सिस्टम एंड प्रोगाम एनालिसिस मे फ़ैल कर देना यूनिवर्सिटी की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह बनता है। आरोप है कि लगातार ऐसी घटना दूसरे बार घाटी है ए पहले भी बीएससी के छात्रों को फेल कर दिया गया था। इस पर एनएसयूआई ने मोर्चा खोला और इससे पूर्व भी एनएसयुआई सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अध्यक्ष द्वारा ज्ञापन दिया गया था पर विश्वविद्यालय ने इस विषय पर कुछ दिशा निर्देश नहीं दिया।

### पहले श्रावण सोमवार पर जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की बाबाधाम रवानगी



रायगढ। श्रावण मास के शुरूआत होने से पहले ही रेलवे स्टेशन भगवामय नजर आने लगा है। इस साल 22 जुलाई से श्रावण माह की शुरूआत हो रही है। जिसको लेकर अभी से लोग बाबा धाम जाने लगे हैं। इस दौरान बुधवार को रेलवे स्टेशन में पहला जत्था पहुंचा थाए जो पहले सोमवार को भोलेबाबा को जलाभिषेक करेंगे। उल्लेखनीय है कि इस साल श्रावण माह की शुरूआत 22 जुलाई से हो रहा है जो 19 अगस्त तक चलेगा। इसको लेकर शिव भक्तों में अभी से उत्साह दिखने लगा है। ऐसे में बुधवार को पहला जत्थ रेलवे स्टेशन पहुंचा थाए इस शिव भक्तों का कहना था कि इस साल श्रावण माह की शुरूआत सोमवार से हो रहा हैए जिससे सबसे पहले भोले बाबा को जल अर्पण करना है। जिसके चलते पांच दिन पहले ही घर से निकल गए हैं, ताकि सोमवार को सुबह में पहुंच कर जलाभिषेक कर सके।

### चिराईपानी पूर्व में पूंजीपथरा पुलिस ने जनचौपाल लगाकर किया जागरुक



**रायगढ़।** थाना पूंजीपथरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिराईपानी पूर्व में शुक्रवार को पुलिस जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में नायब तहसीलदार श्रीमती तृप्ति चंद्राकर एवं थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा ग्रामवासियों को नवीन कानून के संबंध में संक्षिप्त रूप में जानकारी दिया गया। थाना प्रभारी ने वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड की जानकारी देकर ग्रामीणों को फ्रॉड से बचने के तरीके बताए। उन्होंने रहवासियों को अनजान नंबरों से आए फोन कॉल पर बैंक अथवा निजी जानकारी, ओटीपी शेयर नहीं करने बताया और लॉटरी या रूपये दुगने करने वाली स्कीम के झांसे में नहीं आना कहा गया और साइबर हेल्प लाइन. 1930 एवं व्हाटसअप हेल्प लाइन 9479281934 की जानकारी दी गई। नायब तहसीलदार श्रीमती तृप्ति चंद्राकर ने चौपाल में रहवासियों से उनकी समस्याएं पूछा गया।

### राजमार्ग को फोरलेन करने और सड़क चौड़ीकरण का निर्णय सराहनीय




**कटेली।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता अरविंद हरिप्रिया ने 130 बी राजमार्ग को फोरलेन बनाए जाने का स्वागत किया है। साथ ही उन्होंने हरदी से दानसरा तक के सड़क के चौड़ीकरण हेतु राशि स्वीकृत करने का भी स्वागत किया है। जिला प्रवक्ता अरविंद हरीप्रिया ने बताया कि विगत वर्ष 31 जुलाई 2023 को संसद भवन में सांसद श्रीमती गोमती साय तथा सांसद गुहाराम अजगल्ले के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने विभिन्न मंत्रियों से मुलाकात किया था जिसके दौरान यह मांग रखी गई थी। इस प्रतिनिधि मंडल में जिला भाजपा अध्यक्ष सुभाष जालान एजिला महामंत्री अजय गोपाल एजिला प्रवक्ता अरविंद हरिप्रिया एवं सारंगढ़ टाइम्स के संपादक अमितेश केसरवानी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को भी इस मांग से अवगत कराया गया था।

## वन अमले ने अभयारण्य में पत्थर से भरा ट्रैक्टर किया जब्त

**कटेली।** सारंगढ़ अंतर्गत अभ्यारण में बोरीद नाला के ऊपर फलदार वृक्ष आवला का पेड़ वन विभाग द्वारा लगाया गया है। उसी के किनारे सड़क के ऊपर कक्ष क्रमांक 883 में फुलसाय मुन्ना साहू निवासी सरायपाली आईसर ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 13 7468 मे पत्थर ले जाने की सूचना पर पत्थर से भरी हुई ट्रैक्टर को वन विभाग के द्वारा पकडा गया है।

आज तक पत्थर माफियाओ पर वन विभाग की कार्यवाही नहीं की गई थी आज बोरिद नाला कक्ष 883 मे पत्थर माफियाओं के द्वारा तोड़कर चुनकर पत्थर ले गए हैं।लेकिन ट्रैक्टर में भारी पत्थर पड़कने की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कम मची हुई है। मिली जानकारी अनुसार बोरिद नाला के आसपास में आए दिन जंगली जानवर का आना.जाना रहता है जहां पर स्थानीय निवासी किसानों के खेत भी मौजूद है। जहां गाय एवं बकरी चराने के लिए जाते हैं। जहां किसानों को खेती कार्य के लिए आना.जाना रहता है। स्थानीय ग्रामीणो ने बताया की बोरिद नाला बीट मे आए दिन जानवरों की मरने करने की सूचनाएजानवरों के शिकार करने की सूचनाएतो कभी कुत्तों के द्वारा जानवरों को नुकसान पहुंचाने की सूचना मिलती रहती है हमेशा चर्चा में रहती है बोरीद नाला बीट बीट प्रभारी गहरी नींद में सोए रहते हैं एक ही जगह पर एक ही बीट पर डेरा जमाए बैठे हुए हैं।



### वन विभाग के सुपुर्द किया गया

मुखबिर की सूचना पर बोरीद नाला में ट्रैक्टर से भरे पत्थर को वाहन समेत जब्त कर वन विभाग के सुपुर्द किया गया है।

-कुलदीप सिह
बीट प्रभारी।

### देलारी में 39 पन्नी पाऊच महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** अवैध शराब, जुआ और कबाड़ पर पूंजीपथरा पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में 17 जुलाई को ग्राम देलारी के साप्ताहिक बाजार के पास अवैध शराब बिक्री की सूचना पर



पूंजीपथरा पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी शिवा धनवार पिता राम कुमार धनवार निवासी देलारी थाना पूंजीपथरा को प्लास्टिक पन्नी पाऊच में महुआ शराब बेचते हुए पकड़ा गया है। आरोपी के कब्जे से 39 नग पन्नी पाउच महुआ शराब प्रत्येक पाउच में 180 जुमला शराब 7 लीटर 20 एमएल जप्त किया गया। आरोपी के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में धारा 34,2,59, क आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### तमनार में विधानसभा मतदाता कार्यकर्ता अभिनन्दन समारोह का आयोजन

**तमनार।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा लैलूंगा द्वारा मतदाता कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह का आयोजन करण भवन तमनार में 18 जुलाई गुरुवार को रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया की मुख्य आतिथ्य में राज्य सभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह अन्य अतिथियो की उपस्थिति में मतदाता कार्यकर्ताओ बुथ, शक्तिकेन्द्र, मण्डल के पदाधिकारियों को पुष्पहार एवं भगवा गमछा ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। बरभांठा चौक से बस स्टैंड तक कर्मा नृत्यदलों के साथ भाजपा महिलाओं युवा कार्यकर्ताओ द्वारा अतिशबाजी फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। मण्डल अध्यक्ष जतिंन साव ने स्वागत उद्बोधन में कहाकि विधानसभा क्षेत्र समस्त बुथ, शक्तिकेन्द्र मंडल के युवा महिला वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने कड़ी मेहनत कर मोदी व साय के जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाकर रिकार्ड जीत दिलाये हैं। लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के समस्त बूथ, शक्तिकेन्द्र मंडलों के मतदाताओं कार्यकर्ताओ का रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया ने नमन करते कहाकि आप सभी कार्यकर्ताओं तन मन से समर्पित परिश्रम व मतदाताओं के आशीर्वाद से ढाई लाख से अधिक मतों से ऐतिहासिक जीत दिलाने पर बहुत बहुत धन्यवाद एवं हृदय के गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूँ। भारतीय जनता पार्टी के छोटे से कार्यकर्ता प्रत्याशी को सांसद के रूप में आशीर्वाद दिया है।

## लीनेस क्लब की महिलाओं ने रविशंकर विद्यालय में किया शैक्षणिक सामग्री का वितरण

**रायगढ़।** शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला रायगढ़ का सामाजिक सेवा हेतु अग्रणी एवं सदैव तत्पर सामाजिक संस्था लीनेस क्लब रायगढ़ प्रगति द्वारा विजिट किया गया।

शाला की प्रधान पाठक डॉ मनीषा त्रिपाठी, श्रीमती अर्चना स्वर्णकार वरिष्ठ व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल चांदमारी, श्रीमती प्रेमलता चंदेल प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चांदमारी, समस्त शालेय परिवार एवं बच्चों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर लीनेस क्लब रायगढ़ प्रगति की एरिया आफिसर श्रीमती अर्चना मिश्रा, ली अलका जैन एरिया सेक्रेटरी, श्रीमती हेमा शाह क्लब अध्यक्ष, ली रेनू बेरीवाल कोषाध्यक्ष, ली बबीता शर्मा, अनु केडिया, निशा मेहता सर्व क्लब सदस्यों का आत्मीय स्वागत किया गया।

शाला की प्रधान पाठक डॉ.मनीषा त्रिपाठी द्वारा लीनेस क्लब रायगढ़ प्रगति द्वारा सामाजिक, धार्मिक, नैतिक एवं शैक्षिक आदि समाज हित में किए गए कार्यों की प्रशंसा एवं सराहना की साथ ही शाला के बच्चों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु निवेदन किया जिसे क्लब के उपस्थित सदस्यों ने यथासंभव शीघ्रातिशीघ्र आवश्यकताओं को






पूर्ण करने हेतु सहमति प्रदान की। इस अवसर पर क्लब की एरिया आफिसर अर्चना मिश्रा, एरिया सेक्रेटरी अलका जैन, क्लब अध्यक्ष हेमा शाह ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए नियमित रूप से शाला आने, अनुशासित रहकर शिक्षा ग्रहण करने के साथ शाला में संचालित सभी गतिविधियों में भाग लेकर विजयी होकर शाला का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात लीनेस क्लब रायगढ़ प्रगति द्वारा बच्चों को न्यौता भोज कराने के साथ साथ उन्हें शैक्षणिक सामग्री अंतर्गत स्केल, पेंसिल, रबर, शार्पनर आदि सेट के रूप में प्रदान करते हुए शाला के बच्चों को बैठकर गतिविधियां कराने हेतु दो नग दरी भी प्रदान किए। शाला का अनुशासन, स्वच्छता और बच्चों की प्यारी मुस्कान को देखकर क्लब के सदस्य अत्यंत प्रसन्न हुए साथ ही शाला द्वारा विद्यार्थियों के हित में किए गए कार्यों की प्रशंसा की।

## पार्षद पर भूमि अतिक्रमण का आरोप, नगर पालिका ने भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

नगरपालिका सारंगढ़ ने जमीन अतिक्रमण से जुड़े एक मामले की शिकायत पर पार्षद मयूरेश केशरवानी को नोटिस तामिल के तीन दिवस के अंदर लिखित जवाब माँगा गया हैं।

नगर पालिका द्वारा उपरोक्त शिकायत पत्र में सारंगढ़ पहन 28 सारंगढ़ अंतर्गत रायगढ़ रोड घसिया पारा के पासद्ध स्थित खसरा नं. 935/3 रकबा 0.006 हे. भूमि पर खातेदार मयूरेश केशरवानी पिता भगवान प्रसाद केशरवानी जाति बानी निवासी जयस्तंभ चौक सारंगढ़ का नाम संबंधित अभिलेख में दर्ज है। उक्त खातेदार मयूरेश केशरवानी द्वारा अपने निजी भूमि खसरा नं. 935/3 रकबा 0.006 हेण के अतिरिक्त भूमि तालाब मेड़ एवं शासकीय भूमि रास्ता को पाट कर दुकान निर्माण कर रहा है साथ ही सारंगढ़ रायगढ़ मुख्य मार्ग से 100 फीट के अंदर नवनिर्माण कर रहा है। उक्त व्यक्ति के अवैध अतिक्रमण से घसिया पारा जाने वाला गली भी बाधित हो रहा है जो शासन के नियम विरूद्ध है। अतिक्रमण पर तत्काल रोक लगाये जाने के नगरपालिका द्वारा नोटिस तामिल किया हैं। यह कि उपरोक्त शिकायत के संदर्भ में आवेदित स्थल का नगरपालिका द्वारा मौका निरीक्षण किया गया जिसमें मयूरेश केशरवानी के पूर्व निर्मित मकान के सामने अवैध रूप से दुकान का निर्माण कार्य करते हुए ढलाई तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिसका नगरपालिका सारंगढ़ निकाय से अनुमति लेना नहीं पाया गया है। यह कृत्य छण्गण नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 एवं 223 का स्पष्ट उल्लंघन है।


टॉप इन रायगढ़

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12th Bio&Maths |

Gurukripa paramedical college
Nehru Chowk Bilaspur
Mo.7000421146